Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to set up LPG bottling plant in Ballia Parliamentary Constituency.

श्री भरत सिंह (बलिया): माननीय अध्यक्ष जी, मैं यहाँ से अपनी बात कहने की अनुमति चाहता हूँ।

माननीय अध्यक्ष: ठीक है, बोलिए।

श्री भरत सिंह : माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे ज़ीरो आवर में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद।

देश की आजादी की लड़ाई में बलिया का बहुत बड़ा योगदान रहा है। बलिया, गाजीपुर और पूर्वांचल के क्षेत्र में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 1 मई, 2016 को 'उज्ज्वला योजना' लांच की। यह हम लोगों के लिए सौभाग्य की बात है। उस समय आदरणीय मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान जी भी थे। उन्होंने घोषणा की थी कि बलिया में बॉटलिंग प्लांट लगायी जाएगी। इससे बलिया के लोगों में एक आशा जगी थी कि इस प्लांट के लगने से हजारों लोगों को रोजगार मिलेंगे। लेकिन, अभी तक वह बॉटलिंग प्लांट नहीं लगा है।

मैं आपके माध्यम से माननीय धर्मेंद्र प्रधान जी और अपनी सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि 'उज्ज्वला योजना' के लिए वहाँ बॉटलिंग प्लांट शुरू किया जाए ताकि हजारों बेरोज़गार नौज़वानों को रोज़गार मिले।

यह देश का सौभाग्य है कि सात करोड़ माताओं-बहनों को फ्री में गैस सिलेंडर बांटा गया। इस कार्य को भी आगे बढ़ाना है।

मैं आपके माध्यम से प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को बधाई देना चाहूँगा। उन्होंने पूर्वांचल के 20 करोड़ गरीब भाइयों को बीएचयू में फ्री में इलाज के लिए सुविधा दी है। बीएचयू को ऐम्स के बराबर का दर्जा दिया गया है। यह केवल पूर्वांचल ही नहीं, बल्कि बिहार के लोगों के लिए भी एक सौभाग्य की बात है। इससे बिहार के लोग भी लाभान्वित होंगे।

माननीय अध्यक्ष:

सर्वश्री भैंरो प्रसाद मिश्र,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

शरद त्रिपाठी और

डॉ. कुलमणि सामल को श्री भरत सिंह द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।